अमर उजाला

नगर वर्ष 57 । अंक 40 । पृष्ठ : 22 । मूल्य : सात रुपये

बरेली | बुधवार, 26 फरवरी 2025 फाल्गुन कृष्ण-त्रयोदशी ■ विक्रम संवत-2081

**PAGE NO 6 : MIDDLE**

# आईके कलेक्शन और ठेकेदार इलेवन सेमीफाइनल में

city sports

## श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में हिटर वन बने मैन ऑफ द मैच



मैन ऑफ द मैच बने प्रवीण कुमार को ट्राफी देते अधिकारी। स्रोत: संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के सातवें दिन मंगलवार को पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें आईके कलेक्शन ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को व ठेकेदार इलेवन ने हल्द्वानी क्रिकेटर्स को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला आईके कलेक्शन बनाम स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच खेला गया। आईके कलेक्शन के कप्तान माजिद हसन खान ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी कर फैसला लिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 141 रन बनाए। आईके कलेक्शन के गेंदबाज दीपक आर्य ने चार और हिटर वन ने तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके कलेक्शन के बल्लेबाजों ने तीन विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। इसमें हिटर वन ने 30 गेंद में पांच चौके, दो छक्के की सहायता से 47 रन बनाए। पारस राज ने 41, शिव राठी ने 26 अभिषेक 20 रन बनाए। इसमें तीन विकेट लेने के साथ 47 रन बनाने वाले आईके कलेक्शन के हिटर वन को मैन आफ द मैच का खिताब मिला।

टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल हल्द्वानी क्रिकेटर्स बनाम ठेकेदार इलेवन के बीच खेला गया। इसमें ठेकेदार इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम के खिलाड़ियों ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। इसमें सुशील यदुवंशी ने 56, लक्ष्य मलिक ने 19, शुभम किर्थलिया ने 54, सनी ने 21 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने हल्द्वानी क्रिकेटर्स आरंभ में ही लड़खड़ा गए और 140 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। इसमें देवेंद्र कुमार 17, पारितोष राना 39, सौरभ रावत 19 व रक्षित दालकोटी ने 24 रन की पारी खेली। चार विकेट लेने वाले ठेकेदार इलेवन के गेंदबाज प्रवीण कुमार को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।